कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर।

पत्रांकःआईजीआरएस-03/2025 दिनांकः मार्च 25 ,2025

सेवा में,

लोक शिकायत अनुभाग-3
(मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय)
उ0प्र0, लखनऊ।

महोदय,

कृपया आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त पी0जी0 पोर्टल (भारत सरकार) सन्दर्भ संख्याः 60000250054225/60000250055624 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जो आवेदक श्री योगी एम0पी0 सिंह पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी मोहल्ला सुरेकापुरम कॉलोनी जबलपुर रोड, श्री लक्ष्मी नरायण बैकुण्ठनाथ महादेव मंदिर रीवा रोड थाना को0 कटरा, जनपद मीरजापुर के शिकायती प्रा0पत्र पर जाँच/कार्यवाही कराते हुए आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक है।

उक्त के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि आवेदक श्री योगी एम0पी0 सिंह उपरोक्त के प्रार्थना पत्र की जाँच क्षेत्राधिकारी नगर, जनपद मीरजापुर द्वारा करायी गयी। जाँच अधिकारी की आख्या की छायाप्रति संलग्न कर रिपोर्ट सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

संलग्नक- उपरोक्तानुसार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद मीरजापुर।

01 जनता द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र का जॉच प्रारुप

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद मीरजापुर।

सन्दर्भ संख्या की जाँच आख्या:- 60000250054225 / 60000250055624

01 - आवेदक /शिकायतकर्ता का नाम/पिता का नाम पता व मो0नं0 – आवेदक योगी एमपी सिंह पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी मोहल्ला सुरेकापुरम कालोनी, जबलपुर रोड, श्रीलक्ष्मी नरायण बैंकुण्ठनाथ महादेव मंदिर रीवा रोड़, को0कटरा जनपद मीरजापुर मो0नं0-7379705911

02 - विपक्षी का नाम पता – नाम पता अज्ञात।

03 - शिकायतकर्ता द्वारा की गयी शिकायत का संक्षिप्त विवरण – वादी मुकदमा के पैन कार्ड का उपयोग कर विभिन्न बैंकों मे खाता खोलना व उससे लेन देन करने के संबंध मे।

04 - जाँच करने वाले अधिकारी का नाम व पद – श्री विवेक जावला क्षेत्राधिकारी नगर जनपद मीरजापुर। मो0नं0-9454401590

05 - जाँच का सारांश – संदर्भित प्रकरण की गहराई से जाँच की गई व थाना कोतवाली कटरा से रिपोर्ट प्राप्त की गई , प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा से प्राप्त आख्या व अभिलेखीय अवलोकन से पाया गया कि आवेदक उपरोक्त श्री योगी एमपी सिंह पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी मोहल्ला सुरेकापुरम कालोनी, जबलपुर रोड, श्रीलक्ष्मी नरायण बैंकुण्ठनाथ महादेव मंदिर रीवा रोड़, को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांक 11.11.2023 को थाना को0कटरा मे मु0अ0सं0 291/2023 धारा 420 भादवि व 66सी,66डी आईटी एक्ट बनाम अज्ञात के पंजीकृत कराया गया है। उक्त अभियोग की विवेचना पूर्व विवेचक निरीक्षक अपराध श्री अरविन्द यादव थाना को0कटरा द्वारा संपादित की जा रही थी। विवेचक उपरोक्त के स्थानांतरण के उपरान्त अभियोग की विवेचना निरीक्षक अपराध जितेन्द्र कुमार थाना को0कटरा द्वारा संपादित की जा रही है। विवेचना के क्रम मे विवेचक द्वारा मुकदमा उपरोक्त के संदिग्ध खातों को फ्रीज करा दिया गया है तथा वादी के पैन नम्बर के बाबत विवरण भेजने के संबंध मे आयकर विभाग को पत्राचार किया गया था किन्तु आयकर विभाग द्वारा ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार ई-फाइलिंग खाते के पैन नम्बर किसी बैंक खाता मे लिंक होना नही बताया गया है तत्पश्चात उक्त प्रकरण के संबंध मे विवेचक द्वारा श्रीमान अध्यक्ष सीबीडीटी नई दिल्ली को पत्राचार किया गया है। उक्त प्रकरण मे वादी का पैन नम्बर किन किन बैंक खातों मे जुड़ा है यह जानकारी प्राप्त के लिये सभी बैंकों को ई-मेल के माध्यम से पत्राचार किया गया है। मुकदमा उपरोक्त मे आयकर विभाग से डिटेल्स प्राप्त करने हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के माध्यम से पत्राचार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। डिटेल्स प्राप्त होने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना प्रचलित है। साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। विवेचक को निर्देशित किया गया है कि मुकदमा उपरोक्त मे साक्ष्य संकलन करते हुए अनावरण करें व अतिशीघ्र अभियोग का विधिक निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जाँच आख्या सादर अवलोकनार्थ सेवा मे प्रेषित है।

06 - कार्यवाही का विवरण/प्रस्तावित कार्यवाही का विवरण – आवेदक द्वारा पंजीकृत कराये गये अभियोग की विवेचना प्रचलित है। विवेचक को निर्देशित किया गया है कि मुकदमा उपरोक्त मे साक्ष्य संकलन करते हुए अनावरण करें व अतिशीघ्र अभियोग का विधिक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। विवेचना प्रचलित है।

07 - आरोप सिद्ध हो रहे हैं या नही – निल

08 - अन्य कोई आवश्यक तथ्य हो तो उसका विवरण – निल

दिनांक- मार्च 24,2025

(विवेक जावला)
क्षेत्राधिकारी नगर
मीरजापुर।


GPS Map Ca
Mirzapur-cum-vindhyac
231001, Surekapuram
Colony, Teliyaganj,
Mirzapur-cum-vindhyachal, Uttar
Pradesh 231001, India